# झिटकू मिटकी आर्टिजन प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड
## जिला–कोण्डागांव (छ0ग0)

क्र./36/झिटकूमिटकी/एपीओ/2023–24 कोण्डागांव दिनांक....08/02/2024

### //विज्ञापन – इंटरव्यू एवं नियुक्ति//

झिटकू मिटकी आर्टिसन प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, जिला कोंडागांव में स्थित एक हस्तशिल्प उत्पादक कंपनी है, जिसकी स्थापना कोण्डागाँव एवं छत्तीसगढ़ के कारीगरों द्वारा बनाई गई उत्कृष्ट कलाकृति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने और बेचने के उद्देश्य से की गई है। एपीओ (कारीगर निर्माता संगठन) के सहयोग से, यह कंपनी कोंडागांव में हस्तनिर्मित कलाकृतियों के उत्पादन में सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभा रही है। वर्तमान में, इस विशेष परियोजना से संबंधित विभिन्न 3 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित है – :

| क्र | पद का नाम | एक मुस्त मासिक मानदेय | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 01 | मुख्य कार्यपालन अधिकारी | 35,000.00-60,000.00* (*चयन समिति द्वारा निर्धारित की जाएगी) | **अनिवार्य न्यूनतम योग्यता – (स्नातक)**<br>1 मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य, इंजीनियरिंग, विज्ञान, ग्रामीण विकास, समाज कार्य या विपणन प्रोद्योगिकी में स्नातक।<br>2 व्यवसाय विकास, बिक्री एवं विपणन, एफपीओ प्रबंधन खुदरा प्रबंधन एवं अन्य संबंधित उद्योग में न्युनतम 02 वर्ष का अनुभव।<br>3 अंग्रेजी एवं हिन्दी (Word, Excel, PPT) टाईपिंग में दक्षता। (वाकइन इंटरव्यू के दौरान कंप्युटर टेस्ट के माध्यम से दक्षता सुनिश्चित की जाएगी। )<br><br>**वांछित योग्यता – (स्नातकोत्तर)**<br>1 मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से MBA (Marketing, Finance, Operation, Supply Chain, Management, HR etc), MSW, MA(RD), या संबंधित विषय मे स्नातकोत्तर।<br><br>**विशेष योग्यता :**<br>• मान्यता प्राप्त संस्थान से BFA/B.Des/MFA/M.Des या अन्य किसी डिजाइन कोर्स मे स्नातक/ स्नातकोत्तर/ डिप्लोमा। |
| 02 | मटेरियल डिज़ाइनर | 20,000.00-50,000.00* (*चयन समिति द्वारा निर्धारित की जाएगी) | **अनिवार्य न्यूनतम योग्यता**<br>01. मान्यता प्राप्त संस्थान से BFA/B.Des/B.CA (Creative Arts) या अन्य किसी संबंधित डिजाइनिंग कोर्स मे स्नातक/डिप्लोमा।<br>02. डिजाइनिंग मानकों पर कारीगरों को प्रशिक्षित करने/ डिजाइन कार्यशालाएं आयोजित करने का अनुभव ।<br>03. मटेरियल डिजाइनिंग में कम से कम एक साल का अनुभव (संबंधित अपने डिजाइन का पोर्टफोलीओ वाकइन इंटरव्यू के दिन लेके आएंगे ) |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | **वांछित योग्यता**<br>02. मान्यता प्राप्त संस्थान से MFA/M.Des या अन्य किसी डिजाइनिंग कोर्स मे स्नातकोत्तर।<br><br>**विशेष योग्यता :**<br>03. मान्यता प्राप्त डिजाइन संस्थान से हार्ड मेटल डिजाइनिंग/एक्सेसरीज डिजाइनिंग से संबधित किसी भी विषय में स्नातक/स्नातकोत्तर्र। |
| 03 | कम्प्युटर ऑपरेटर सह–सप्लाई चैन प्रबंधक | 10,000.00-15,000.00* (*चयन समिति द्वारा निर्धारित की जाएगी) | **अनिवार्य न्यूनतम योग्यता – (12 वी उत्तीर्ण )**<br>01. 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण।<br>02. अंग्रेजी एवं हिन्दी (Word, Excel, PPT) टाईपिंग में दक्षता। (वाकइन इंटरव्यू के दौरान कंप्युटर टेस्ट के माध्यम से दक्षता सुनिश्चित की जाएगी। )<br><br>**वांछित योग्यता – (स्नातक/ प्रमाणपत्र)**<br>01. किसी भी क्षेत्र में स्नातक/डिप्लोमा।<br>02. वित्तीय प्रबंधकीय/कम्प्युटर ऑपरेटर/स्टोर मेनेजमेंट/सप्लाइ चेन मेनेजमेंट सह लेखा के क्षेत्र में कम से कम 01 वर्ष का अनुभव।<br><br>**विशेष योग्यता :**<br>01. कोपा आई.टी.आई/PGDCA/IT-Ites-NSQF विषय में प्रमाण पत्र। |

- उक्त विवरण कोण्डागांव जिले के अधिकारिक वेबसाइट www.kondagaon.gov.in > NOTICES > RECRUITMENT पर देखा जा सकता है।

इंटरव्यू दिशा – निर्देश :–

| क्र. | पदों का विवरण | इंटरव्यू की समय सारणी |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य कार्यपालन अधिकारी | **दस्तावेज़ सत्यापन**, दिनांक **01-03-2024.** दोपहर 10.00 से 12.00 बजे तक |
| | | **इंटरव्यू** दोपहर 02 बजे से |
| 2 | मटेरियल डिज़ाइनर | दस्तावेज़ सत्यापन, दिनांक **01-03-2024** दोपहर 11.00 से 12.00 बजे तक |
| | | **इंटरव्यू** दोपहर 02 बजे से |
| 3 | कम्प्युटर ऑपरेटर सह सप्लाई चैन प्रबंधक | दस्तावेज़ सत्यापन, दिनांक **01-03-2024.** दोपहर 11.00 से 12.00 बजे तक |
| | | **इंटरव्यू** दोपहर 02 बजे से |

नोट :–

01. अभ्यर्थी अपना आवेदन गूगल लिंक से ही प्रेषित करना सूनिष्चित करेंगे। https://forms.gle/dBuuVMb8raQM654W8

**02. ऑफलाईन माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नही किये जाऐंगे।**

03. अभ्यर्थी अपनी रजिस्ट्रेशन गुगल फार्म में दर्ज करके अपनी अपनी उपस्थिति सुनिष्चित करेंगे

Scanned with OKEN Scanner

04. अभ्यर्थी अपनी Resume/CV के साथ मूल दस्तावेज लाना सुनिष्चित करेंगे।

**नियम व शर्ते :–**

01. आवेदन केवल ऊपर दिये गए गूगल लिंक के माध्यम से **ऑनलाइन** स्वीकार किए जाएंगे दिनांक **09.02.2024 सुबह 9 बजे से 23.02.2024 के शाम 4.00** बजे तक। पूर्व एवं बाद में प्रस्तुत आवेदनों में विचार नही किया जावेगा।
02. आयु न्युनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष। आयु की गणना 01/01/2024 के आधार पर की जावेगी।
03. यह नियुक्ति 01 वर्ष के लिये होगी। तत्पश्चात कार्य की गुणवत्ता बेहत्तर कार्य शैली एवं उत्कृष्ट व्यवहार होने पर दोनों पक्षों की सहमति ये कार्य अवधी एक निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
04. कार्य अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का मानदेय जमा कर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
05. सेवा समाप्ति पश्चात कर्मचारी के रूप में दी गयी सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार का पेंशन या मृत्यु लाभ आदि पात्रता नही होगी।
06. जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों को मेरिट आधार पर सूचीबद्ध कर कौषल परीक्षा लिया जावेगा। तदउपरांत कौषल परीक्षा में प्राप्त अंकों को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जावेगा।
07. आवेदन करने के समय अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने वाले संस्थान का नाम पूर्ण पता व अनुभव हेतु जारी कार्यालय आदेष क्रमांक दिनांक एवं जारीकर्ता अधिकारी का नाम पदनाम संपर्क हेतु संबंधित का दुरभाष नंबर तथा ई–मेल की जानकारी अनिवार्य रूप से दिया जावे अन्यथा इसके अभाव में आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव को मान्य न करते हुए अपात्र की श्रेणी में रखा जावेगा जिसके लिये आवेदक ही स्वयं जिम्मेदार होगा।
08. संबंधित पदों पर अनुभव शासकीय/गैर शासकीय संस्थाओं के मान्य होंगे।
09. इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्र व अभिलेखों तथा उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय में वाक इन इंटरव्यू स्थल पर उपस्थिति होवें। निर्धारित तिथि के समय पूर्व व पष्चात आवेदन स्वीकार्य नही किये जायेंगे।
10. चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर आवेदक को अयोग्य पाए जाने पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीद्वार समाप्त की जावेगी। जिसके लिये आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।
11. चयन प्रकिया में शामिल होने हेतु अभ्यथियों को किसी प्रकार के भत्ते के भुगतान का प्रावधान नही है।
12. विज्ञापन से संबंधित विस्तृत विवरण जिले के वेबसाईट में अवलोकन एवं डाउनलोड किया सकता है।
13. भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार नियुक्तिकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
14. यदि आवेदक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियुक्ति प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करता है या प्रभावित करने का प्रयास करता है तो अभ्यर्थी की उम्मीद्वारी निरस्त की जा सकेगी।
15. Marking scheme is as follows:-

| | 12 वी | स्नातक | स्नातकोत्तर | विशेष योग्यता | कार्यानुभव | इंटरव्यू |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मुख्य कार्यपालन अधिकारी | - | 30% | 20% | 10% | 20% | 20% |
| मटेरियल डिज़ाइनर | - | 30% | 20% | 10% | 20% | 20% |
| कम्प्युटर ऑपरेटर सह सप्लाई चैन प्रबंधक | 20% | 30% | - | 10 % | 20% | 20% |

- अनुभव हेतु निर्धारित अंकः प्रत्येक वर्ष के लिए अधिकतम 4 अंक प्रदान किया जायेगा। उदाहरण के लिए, उम्मीदवारों को एक वर्ष के लिए 4 अंक, दो वर्षों के लिए 8 अंक मिलेंगे, अतः 5 वर्ष से अधिक अनुभव वाले व्यक्तियों के लिए 20 अंक की सीमा होगी ।

Scanned with OKEN Scanner

16. पात्र उम्मीदवारों की सूची दिनांक 26-02-2024 को जिले के अधिकारिक वेबसाइट www.kondagaon.gov.in > NOTICES > RECRUITMENT (online) तथा शिल्प नगरी के कार्यालय (offline) में जारी की जाएगी। केवल यही उम्मीदवार इंटरव्यू के लिए पात्र होंगे।

17. **इंटरव्यू दिनांक 01-03-2024 को सुबह 11:00 बजे से ; स्थान - डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट लाइव्लीहुड कॉलेज ,डोंगरिपारा, कोण्डागाँव** ।

सी.ई.ओ.
झिटकू मिटकी आर्टीजन
प्रोड्यूसर. कं.
कोण्डागांव (छ0ग0)।

प्रतिलिपि :—

01. कलेक्टर जिला कोण्डगांाव की ओर सादर सूचनार्थ ।
02. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी जिला कोण्डागांव को सूचनार्थ कर लेख है कि संलग्न विज्ञापन वाक—इन—इंटरव्यू को जिले के वेबसाइट में अपलोड कराने का कष्ट करेंगे।
03. सहायक परियोजना अधिकारी, डीपीएलसी, कोंडागांव की ओर वाक—इन—इंटरव्यू हेतु जरूरी संसाधन उपलब्ध कराने के संबंध में सादर सूचनार्थ।

सी.ई.ओ.
झिटकू मिटकी आर्टीजन
प्रोड्यूसर. कं.
कोण्डागांव (छ0ग0)।

C.E.O
Jhitku Mitki
Artisan Producer Company

Scanned with OKEN Scanner